प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- निर्वाचन आयोग जल्द लॉन्च करेगा एक नया सिंगल प्वाइंट ऐप– चुनाव संबंधी ज़रूरी जानकारी होगी उपलब्ध।
- प्रदेश में राजस्व लोक अदालतों के आए उत्साहजनक परिणाम– बीते डेढ़ वर्ष में निपटाए गए करीब 3 लाख 26 हज़ार मामले।
- भाजपा ने शिक्षकों के खिलाफ प्रदेश सरकार की कार्रवाई को बताया दुर्भाग्यपूर्ण– सरकार ने 9 सौ शिक्षकों के खिलाफ एफ.आई.आर. की अफवाहों को बताया निराधार।
- पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से प्रदेश के कई स्थानों पर हुई वर्षा– 8 मई तक मौसम खराब रहने के आसार।

निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग एक सिंगल–प्लेटफॉर्म ऐप ई.सी.आई.एन.ई.टी. की शुरूआत करेगा, जो चुनाव संबंधी सभी सेवाओं को एक जगह पर उपलब्ध कराएगा। यह ऐप निर्वाचन आयोग की मौजूदा 40 से अधिक मोबाइल और वेब एप्लिकेशनों को एक साथ लायेगा। यह मतदाताओं, चुनाव अधिकारियों, राजनीतिक दलों और अन्य हितधारकों के लिए एक नया डिजिटल इंटरफ़ेस होगा। इससे उपयोगकर्ताओं को ढेर सारे ऐप डाउनलोड करने से राहत मिलेगी। यह ऐप डेस्कटॉप या स्मार्टफोन पर चुनाव संबधित जरुरी जानकारी उपलब्ध कराएगा।

राजस्व मंत्री

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर ज़िले में निचार विकासखण्ड में थाच गांव के लिए राज्य पथ परिवहन निगम की बस सेवा को आज हरी झण्डी दिखाई। उन्होंने क्षेत्र में जायका भवन और तरांडा बहुउद्देशीय सहकारी सभा का भी शुभारम्भ किया। एक जनसभा में जगत सिंह नेगी ने कहा कि वर्तमान सरकार जनजातीय ज़िलों के समग्र विकास के लिए वचनबद्ध है और इस दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार भूमिहीनों को ज़मीन उपलब्ध करवाने के लिए कार्य कर रही है और पूर्व कांग्रेस सरकार में लाए गए वन अधिकार अधिनियम 2006 के माध्यम से भूमि दी जा रही है।

## सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद व भाजपा नेता सिकंदर कुमार ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी संविधान बचाओ के नाम पर कांग्रेस बचाओ रैलियां कर रही है। वे आज कांगड़ा ज़िले के जयसिंहपुर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अनुसूचित जाति के प्रबुद्ध लोगों से संपर्क के दौरान बोल रहे थे। सिकंदर कुमार ने कहा कि सच्चाई ये है कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से भारतीय संविधान का अपने स्वार्थ हित के लिए हनन करती आई है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को कांग्रेस की विभिन्न सरकारों ने अपने स्वार्थ के लिए राजनीतिक उद्देश्य से 75 बार बदला। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने जहां समाज के पिछड़े, दलित और शोषित वर्ग के उत्थान की बात की, वहीं इसके विपरीत कांग्रेस पार्टी ने इस वर्ग का इस्तेमाल केवल वोट बैंक के लिए किया है।

## राजस्व मामले

प्रदेश में राजस्व संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए शुरू की गई राजस्व लोक अदालतों के उत्साहजनक परिणाम सामने आए हैं। इन अदालतों में अक्तूबर 2023 से मार्च 2025 के बीच करीब 3 लाख 26 हज़ार लंबित राजस्व मामलों का सफलतापूर्वक निपटारा किया गया है। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार इस पहल से प्रदेश सरकार की उत्तरदायी शासन व्यवस्था और नागरिक केन्द्रित सेवा वितरण की कार्यशैली प्रदर्शित हो रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के निर्देश पर सार्वजनिक सेवाओं के वितरण के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का सर्वोत्तम उपयोग सुनिश्चित बनाया जा रहा है। प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश में पहली बार अक्तूबर 2023 में राजस्व लोक अदालतों का आयोजन किया गया था। इसके बाद नियमित अंतराल में ये अदालतें लगाई जा रही हैं, जिसमें तहसील और उपतहसील स्तर पर समस्याओं का निवारण समयबद्ध हो रहा है।

## घटना

चम्बा ज़िले में चेली गांव के समीप डोंडरा नाला में बीती रात बादल फटने की एक घटना में मलबे की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। प्रारंभिक आकलन के अनुसार बादल फटने से आई बाढ़ में करीब डेढ़ सौ भेड़–बकरियां भी बह गई हैं। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता दी जाएगी। इस बीच, मुख्यमंत्री ने जम्मू–कश्मीर के रामबन में सेना के वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से वीर जवानों के शहीद होने पर भी दुख जताया है। उन्होंने घायल सैनिकों के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने भी रामबन सड़क हादसे में सैनिकों के शहीद होने पर दुख जताया है।

आयोग

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने आज कुल्लू में अधिकारियों के साथ बैठक की। आयोग की सदस्य डॉक्टर आशा लाकड़ा के नेतृत्व में हुई इस बैठक में ज़िले में अनुसूचित जनजाति समुदाय के लिए चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा की गई। उन्होंने इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय की प्रगति के लिए समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से योजनाएं लागू करना आवश्यक है।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर कर्मचारी विरोधी होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी हितैषी होने का राग अलापने वाली कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र को कुचलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से शिक्षक अपने हक के लिए आंदोलन कर रहे हैं लेकिन सरकार ने उनकी आवाज़ दबाने के लिए उन पर एफ.आई.आर. दर्ज की है। जयराम ठाकुर ने कहा कि अब तक 9 सौ शिक्षकों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं और 10 से अधिक शिक्षक निलंबित किए गए हैं। उन्होंने इस कार्रवाई को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।

प्राथमिक शिक्षक

दूसरी ओर, प्राथमिक शिक्षक संघ ने आने वाले दिनों में मांगों को लेकर अपना संघर्ष जारी रखने की चेतावनी दी है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश शर्मा ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्राथमिक शिक्षकों के निलंबन के बाद भी संघ अपने मुद्दे से पीछे हटने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि शिमला में प्रदर्शन कर रहे करीब 9 सौ अध्यापकों के खिलाफ एफ.आई.आर. और एक दिन का वेतन काटने की बात सरकार ने कही है जो आज से पहले कभी नहीं हुआ है।

खण्डन

इस बीच प्रदेश सरकार ने राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ से जुड़े 9 सौ शिक्षकों के खिलाफ एफ.आई.आर. की अफवाहों को निराधार बताया है। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि संघ के केवल 5 अधिकारियों के खिलाफ अनुमति के बिना विरोध प्रदर्शन करने और गैर–कानूनी तरीके से एकत्रित होने के आरोप में एफ.आई.आर. दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा उठाए गए मुद्दों पर गंभीरता से विचार करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा शिक्षकों के मुद्दों को हल करने के लिए संघ के साथ विस्तार से चर्चा भी की जाएगी।

धर्मशाला मैच

आई.पी.एल. क्रिकेट में आज अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम धर्मशाला में पंजाब किंग्स का मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स से हो रहा है। लखनऊ की टीम ने टॉस जीत कर पंजाब किंग्ज़ को पहले बल्लेबाज़ी के लिए आमंत्रित किया। खबर लिखे जाने तक पंजाब की टीम ने चार ओवरों में एक विकेट के नुकसान पर 44 रन बना लिए हैं।

मौसम

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ लगातार सक्रिय बना हुआ है। इसके प्रभाव से राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज भी गरज के साथ वर्षा का क्रम जारी है। कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि का भी समाचार है। मौसम में आए इस बदलाव से तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग ने 8 मई तक कुछ स्थानों पर वर्षा व ओलावृष्टि की संभावना जताई है।

सम्मान

कांगड़ा ज़िले में बेहतरीन कार्य करने वाले तहसीलदारों को उपायुक्त हेमराज बैरवा ने धर्मशाला में सम्मानित किया। उपायुक्त ने कहा कि सभी राजस्व अधिकारियों की प्रगति की रिपोर्ट की नियमित समीक्षा की जा रही है और बेहतरीन कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र दिया जा रहा है ताकि राजस्व संबंधी कार्यों के त्वरित निपटारे के लिए अधिकारी प्रेरित हो सकें। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग आम जनमानस के साथ जुड़ा है और सभी अधिकारियों को विभाग के कार्यों में पारदर्शिता लाने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- निर्वाचन आयोग जल्द लॉन्च करेगा एक नया सिंगल प्वाइंट ऐप– चुनाव संबंधी ज़रूरी जानकारी होगी उपलब्ध।
- प्रदेश में राजस्व लोक अदालतों के आए उत्साहजनक परिणाम– बीते डेढ़ वर्ष में निपटाए गए करीब 3 लाख 26 हज़ार मामले।
- भाजपा ने शिक्षकों के खिलाफ प्रदेश सरकार की कार्रवाई को बताया दुर्भाग्यपूर्ण–सरकार ने 9 सौ शिक्षकों के खिलाफ एफ.आई.आर. की अफवाहों को बताया निराधार।
- पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से प्रदेश के कई स्थानों पर हुई वर्षा– 8 मई तक मौसम खराब रहने के आसार।